दिनांकः 10.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हिंदी और संस्कृत सहित अन्य भारतीय भाषाओं में उज्बेकिस्तान के विद्वानों की गहरी रुचि की सराहना की हैं श्री बिरला ने कहा कि उज्बेक विद्वानों और विद्यार्थियों ने अपने शिक्षण और शोध कार्यों के जरिए भारत और उज्बेकिस्तान के ऐतिहासिक संबंधों को और अधिक मजबूत किया हैं 21वीं सदी को गढ़ने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उज्बेकिस्तान जैसे मित्र देशों के साथ सामूहिक विकास और सहयोग की अपार संभावनाएँ हैं 150वीं अंतर–संसदीय संघ सभा में भाग लेने के लिए श्री बिरला इन दिनों उज्बेकिस्तान यात्रा पर हैं लोकसभा अध्यक्ष ने उज्बेकिस्तान गणराज्य की ओली मजलिस के लेजिसलेटिव चैम्बर के स्पीकर श्री नूरदिनजन इस्माइलोव के साथ द्विपक्षीय वार्ता कीं

000

प्रदेश में गर्मी बढ़ने के साथ ही लू, तापघात और मौसमी बीमारियों से बचाव को लेकर सरकार अलर्ट मोड पर आ गई हैं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये हैं उन्होंने राज्य में बढ़ती गर्मी, संभावित हीट वेव और अन्य मौसमी आपदाओं से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों का जायज़ा लियां इस दौरान डॉ. मीणा ने वीसी के जरिए विभिन्न जिलों के जिला कलेक्टरों से की जा रही तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक संसाधनों के साथ सतर्क रहने को कहां

000

गर्मी के मौसम को देखते हुए प्रदेश में महात्मा गांधी नरेगा श्रमिकों का समय जिला कलेक्टर और जिला कार्यक्रम समन्वयक अधिकारी निर्धारित कर सकेंगें ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा ने बताया कि नरेगा में श्रमिकों के लिए आठ घंटे की कार्य अवधि निर्धारित हैं इसमें एक घंटे का विश्राम भी शामिल हैं उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारी स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए अपने स्तर पर कार्य समय निर्धारित कर सकेंगें

000

प्रदेशभर में तेज गर्मी का असर बरकरार हैं दिन चढने के साथ ही तापमान में भी बढोतरी से जनजीवन पर व्यापक असर पड़ रहा हैं इस बीच, मौसम विभाग ने आगामी 2–3 दिनों में मेघगर्जन, आंधी–बारिश की संभावना जताई हैं विभाग ने बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में दोपहर बाद आंधी व हल्की बारिश की संभावना भी व्यक्त की हैं विभाग के अनुसार 13 अप्रैल से अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान है और तापमान में 2 से 3 डिग्री बढ़ोतरी होने की संभावना हैं

000

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही हैं इस अवसर पर जैन मंदिरों में विशेष आयोजन रखे गए हैं प्रभात फेरियां निकालकर भगवान का अभिषेक किया जा रहा हैं करौली जिले के श्रीमहावीर जी में मेला परवान पर हैं इस अवसर पर देशभर से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां झंडा रोहण के साथ विभिन्न कार्यक्रम शुरू हुएं सरहदी जिले जैसलमेर में भी भव्य शोभा यात्रा निकाली गयीं इधर, जोधपुर में निकाली गयी शोभायात्रा में ईको फ्रेंडली झांकियां आकर्षण का केन्द्र रहीं दौसा के आदिनाथ जैन मंदिर में शोभायात्रा का जगह–जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गयां

000

बारां जिला आज अपना 35वां स्थापना दिवस मना रहा हैं इस अवसर पर जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं जिला मुख्यालय स्थित पब्लिक पार्क में सुबह ध्यान योग शिविर लगाया गयां इसमें बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुएं इस कड़ी में शाम को श्रीराम स्टेडियम में भजन संध्या का कार्यक्रम रखा गया हैं

000

सिरोही जिले के आबूरोड में बनास नदी में बने पानी के गड्डे में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयीं पुलिस के अनुसार कल देर रात बच्चों के घर नहीं लौटने पर तलाश की गयी, जिस पर घटना की जानकारी मिलीं शवों को गोताखोरों की मदद से निकलवा लिया गया है और जांच पडताल की जा रही हैं

000

आईपीएल क्रिकेट में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला अजेय चल रही डेल्ही कैपिटल्स से होगां बैंगलूरू में होने वाला ये मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगां इससे पहले कल हुए एक मुकाबले में गुजरात टाइटन्स ने राजस्थान रॉयल्स को 58 रनों से हरा दियां इस बीच, जयपुर में 13 अप्रेल से होने वाले आईपीएल मैचों को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं आयोजकों ने लोगों से मैच के टिकिट सिर्फ अधिकृत वेबसाइट या टिकिट केन्द्रों से खरीदने की अपील की हैं जयपुर पुलिस ने भी खेल प्रेमियों से फर्जी टिकिटों और साइबर धोखाधडी से सतर्क रहने का आग्रह किया हैं पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी ने लोगों से प्रलोभन में आकर व्यक्तिगत और बैंक जानकारी शेयर नहीं करने की अपील की हैं

000